F. No.1-12/2026/146566- Exam

कार्यालय / Office

लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council, New Delhi

परीक्षा एवं संगणक विभाग/ **Exam and Computer Department**

वेबसाइट / **www.lbspstc.com**

****

दिनांक / Dated: 02.03.2026

प्रति,

निदेशक / प्रधानाचार्य,

समस्त संबद्ध प्रशिक्षण केंद्र / संस्थान,

लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल।

<u>विषयः— शैक्षणिक सत्र 2025—26 में शून्य प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अंतिम चेतावनी।</u>

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में काउंसिल के संज्ञान में यह बात आई है कि आपके संस्थान द्वारा वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025—26 के लिए अब तक काउंसिल के पोर्टल पर एक भी छात्र का प्रवेश पंजीकृत नहीं किया गया है। काउंसिल द्वारा बार—बार निर्देश दिए जाने और समय सीमा निर्धारित करने के बावजूद, आपके संस्थान द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के प्रति दिखाई गई उदासीनता अत्यंत गंभीर और खेदजनक है। संस्थान की संबद्धता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना है, और यदि संस्थान प्रवेश ही नहीं ले रहा है, तो संबद्धता जारी रखने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। **अतः आपको यह "कारण बताओ" सह "अंतिम चेतावनी पत्र" जारी किया जाता है और निर्देशित किया जाता है किः— 1.यह पत्र प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर लंबित प्रवेश प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से शुरू करें। 2.काउंसिल के पोर्टल पर योग्य छात्रों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। 3.यदि आपके संस्थान में प्रवेश न होने का कोई विशेष कारण है, तो उसका लिखित स्पष्टीकरण साक्ष्यों सहित काउंसिल कार्यालय को भेजें।**

चेतावनीः— यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आपके संस्थान द्वारा संतोषजनक प्रवेश संख्या दर्ज नहीं की जाती है, तो लाल बहादुर शास्त्री पैरामेडिकल स्किल एंड ट्रेनिंग काउंसिल निम्नलिखित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगीः—

- आपके संस्थान की मान्यता / संबद्धता तत्काल प्रभाव से निलंबित या रद्द कर दी जाएगी।
- भविष्य में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक सहयोग पर रोक लगा दी जाएगी।
- संस्थान का नाम काउंसिल की वेबसाइट से हटाकर "निष्क्रिय सूची" (**Inactive List**) में डाल दिया जाएगा।

इसे अति आवश्यक समझें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।

नोट: सभी निष्क्रिय संस्थानों को 9/03/26 की परीक्षा के संबंध जानकारी देकर परीक्षा नियंत्रक को उचित कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया जाता है।
02/03/26

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council

उपसचिव / Joint Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council